# सेप्सिस (SEPSIS) क्या होता है?

सेप्सिस एक जानलेवा स्थिति है जो तब पैदा होती है जब संक्रमण के लिए शरीर की प्रतिक्रिया अपने ही ऊतकों और अंगों को नुकसान पहुंचा देती है।

सेप्सिस सदमे, कई अंगों के विफल होने और मृत्यु का कारण बन सकता है, खासकर यदि जल्दी पहचान कर फ़ौरन इसका इलाज नहीं किया जाए तो।

# मैं इसकी पहचान कैसे करूँ?

सेप्सिस शुरू में 'फ्लू या गैस्ट्रोएंटेराइटिस' जैसी अन्य बीमारियों के जैसे लग सकता है और इसकी पहचान करना मुश्किल हो सकता है। इसका कोई एक संकेत नहीं होता है, और लक्षण वयस्कों और बच्चों में अलग-अलग तरह से मौजूद हो सकते हैं।

## बस इतना पूछें

अधिक जानकारी के लिए info@sepsistrust.org पर ईमेल करें या 0800 389 6255 पर कॉल करें।

**"क्या यह सेप्सिस हो सकता है?"**

यह एक आसान सा सवाल है, परंतु यह जीवन बचा सकता है।

सेप्सिस किसी संक्रमण के लिए शरीर की प्रतिक्रिया होता है। यदि आपको लगता है कि आपको कोई संक्रमण है और यदि आपमें निम्नलिखित में से कोई भी लक्षण विकसित हो जाते हैं तो हो सकता है आपको सेप्सिस हो। **999 डायल करें** और **बस इतना पूछें: "क्या यह सेप्सिस हो सकता है?"**

**लड़खड़ाए बोल या भ्रम**

**अत्यधिक कंपकंपी या मांसपेशियों में दर्द**

**पेशाब बिल्कुल नहीं आना (एक दिन में)**

**गंभीर रूप से सांस फूलना**

**ऐसा लगता है जैसे आप मरने वाले हैं**

**धब्बेदार, फीकी या बहुत कांतिहीन त्वचा**

THE UK SEPSIS TRUST

**sepsistrust.org**

दि यूके सेप्सिस ट्रस्ट रजिस्टर्ड चैरिटी नंबर (इंग्लैंड और वेल्स) 1158843 | (स्कॉटलैंड) SC050277. कंपनी रजि नं 8644039. सेप्सिस एंटरप्राइज़िज़ लिमि. कंपनी नंबर 9583335. वैट रजि नं 293133408
DN10019; सहायता; संशोधित किया 17 सितंबर 2020 संस1.